::- मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन -::
प्रधान कार्यालय-ऑफिस कम्पलेक्स ब्लाक ए गौतम नगर भोपाल-462023
दूरभाष न. 0755.2600148, 2600524, 2600518, 2600503, 2600507, फेक्स -2600384
Website:www.mpwarehousing.com e-mail: hompwlc@gmail.com

---

क्रमांक/मप्रवेलाका/स्था.-02/ 2024-25 2318 भोपाल, दिनांक 16 AUG 2024

प्रति,

प्रबंध संचालक,
मध्यप्रदेश माध्यम
40 प्रशासनिक क्षेत्र,
अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

विषयः- प्रादेशिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र में निगम की विज्ञप्ति प्रकाशित करने बावत्।

विषयान्तर्गत लेख है कि, संलग्न विज्ञप्ति का प्रकाशन मध्यप्रदेश से प्रकाशित सर्वाधिक प्रसार संख्या वाले हिन्दी एवं अंग्रेजी के एक-एक समाचार पत्रों के समस्त संस्करणों के आगामी अंक में आवश्यक रूप से प्रकाशित करने का अनुरोध है। विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात् विज्ञप्ति की प्रति एवं देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करें।

प्रबंध संचालक

मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन

आफिस काम्पलेक्स ब्लाक –ए, गौतम नगर, भोपाल 462023

क्रमांक/मप्रवेलॉका/स्था/2318 भोपाल, दिनांक 16 AUG 2024

## विज्ञप्ति

### विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संशोधित विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र.– एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत् दिव्यांगजनों के पद की पूर्ति वाक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन पत्र निम्न पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये नीचे दर्शाये हुए निहित प्रारूप में विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 10 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय सांयकाल 6:00 बजे (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रबंध संचालक म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन ऑफिस कॉम्पलेक्स ब्लाक-ए, गौतम नगर भोपाल पिनकोड नं. 462023 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से प्राप्त हुये विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पदों का विवरण/वेतनमान/निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्र. | पदनाम | दिव्यांग हेतु कुल रिक्त पद | दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टिबाधित हेतु (VH) | बहरे और कम सुनने वाले (EH) | लोकोमोटर, डिसेबलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्रफी (LD) | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबलिटी और मानसिक बीमार और बहुविकलांगता (MD) | निर्धारित योग्यता | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उपयंत्री | 02 | - | 01 | - | 01 | सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय उपाधि पत्र (डिप्लोमा)/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि | 32800-103600 (लेवल 08) में न्यूनतम वेतन रूपये 32800/- |
| 2 | उपयंत्री (संविदा) | 01 | - | - | - | 01 | सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय उपाधि पत्र (डिप्लोमा)/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि | 32800-103600 (लेवल-08) में निश्चित वेतन |
| 3 | सहायक (गुणवत्ता नियंत्रक) | 05 | - | 03 | - | 02 | न्यूनतम 60% अंको से बीएससी (कृषि) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा। | 25300-80500 (लेवल-06) में न्यूनतम वेतन रूपये 25300 |
| 4 | सहायक (गुणवत्ता नियंत्रक संविदा) | 02 | - | - | 01 | 01 | न्यूनतम 60% अंको से बीएससी (कृषि) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा। | 25300-80500 (लेवल-06) में निश्चित वेतन |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सहायक लेखापाल | 04 | 01 | 01 | 01 | 01 | न्यूनतम 60% अंकों से एम. कॉम / सीए / बीबीए(फॉयनेंस) / आईसीडब्ल्यूए / एमबीए(फायनेंस) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा। | 25300-80500 (लेवल-06) में न्यूनतम वेतन रूपये 25300/- |
| 6 | कनिष्ठ सहायक सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 02 | 01 | 01 | - | - | 1. न्यूनतम 60% अंकों से किसी भी विषय में स्नातक<br>2.शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निम्नांकित किसी एक संस्था से न्यूनतम 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा / सर्टिफिकेट :-<br>अ.यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>ब.यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>स.National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT) से डिप्लोमास्तर की परीक्षा।<br>द.शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>इ.राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (SCVT) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्युटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र<br>क्रमांक-02 में वर्णित अर्हता के अतिरिक्त निम्न अर्हता भी मान्य होगी :-<br>ए. बी.ई(सीएसई / आईटी) / एमसीए / बीसीए / एमएससी (आईटी / सीएस) / बीएससी (आईटी / सीएस) / एम. टेक / एम.ई. इत्यादि।<br>बी. ए.आई.सी.टी.ई से अनुमोदित पॉलिटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साईंस / कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफारमेशन टेक्नालॉजी इत्यादि।<br>सी-बीएससी / बीकॉम डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नही होगी।<br>3.विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग, म.प्र.शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का वैद्य प्रमाण-पत्र (स्कोर कार्ड) | 19500-62000 (लेवल-04) में न्यूनतम वेतन रूपये 19500/- |
| 7 | स्टेनोटायपिस्ट | 01 | - | - | 01 | - | 1.स्नातक<br>2.हिन्दी शीघ्रलेखन में 80 शब्द प्रति मिनिट की गति<br>3. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निम्नांकित किसी एक संस्था से न्यूनतम 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा / सर्टिफिकेट :-<br>अ. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>ब. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त | 19500-62000 (लेवल-04) में न्यूनतम वेतन रूपये 19500/- |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>स. National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT) से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>द. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>इ. राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद(NCVT) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (SCVT) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्युटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण–पत्र.<br>क्रमांक–03 में वर्णित अर्हता के अतिरिक्त निम्न अर्हता भी मान्य होगी :–<br>ए. बी ई (सीएसई / आईटी) / एमसीए / बीसीए / एमएस सी (आईटी / सीएस) / बीएससी (आईटी / सीएस) / एम. टेक /<br>बी. ए.आई.सी.टी.ई से अनुमोदित पोलिटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साईंस / कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी इत्यादि।<br>सी. बीएससी / बीकॉम डिग्रिया जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगी।<br>4.विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का वैद्य प्रमाण–पत्र (स्कोर कार्ड) | |
| 8 | चौकीदार कम हेल्पर | 48 | 12 | 12 | 12 | 12 | हायर सेकेण्डरी पास | 15500-49000 (लेवल-01) में न्यूनतम वेतन रूपये 15500/- |

टीप – नियुक्ति की अन्य शर्तें एवं आवेदन मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के ई-पोर्टल – **www.mpwarehousing.mp.gov.in** अथवा कार्यालय मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन मुख्यालय भोपाल के सूचना पटल पर भी देखी जा सकती है ।

अन्य शर्तें :-

उपरोक्त पदों हेतु आवेदक को निम्न शर्तें पूर्ण करना होंगी :-

1. आवेदक/आवेदिका को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होना चाहिये एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार हेतु नियमानुसार 5 वर्ष की छूट का प्रावधान है।

3. आवेदक का मध्यप्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. समस्त प्रमाण पत्रों की सक्षम अधिकारी अथवा स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य है।
6. निगम में कार्यरत योग्यता धारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी भी आवेदन कर सकते हैं जिन्हें शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जावेगी। नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. नि:शक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के मानक अनुसार विकलांगता का प्रमाण पत्र एवं UDID कार्ड अनिवार्य होगा।
8. डिजीटल जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो मान्य होगा।
9. सेवा में कार्यरत कर्मचारी को अपने आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया है वह भर्ती के लिये पात्र नहीं होगा ।
11. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संताने हैं जिसमें से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तो वह उम्मीदवार भर्ती के लिये पात्र नहीं है।
12. आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्वयं की हस्तलिपि में अथवा टंकित किया हुआ अंतिम तिथि के पूर्व प्रबंध संचालक, म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के नाम से डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से बंद लिफाफे में प्रेषित करें।**प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत किया जाना होगा।** लिफाफे पर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से लिखा हो। आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्व. प्रमाणित प्रति संलग्न करें। अपूर्ण/अस्पष्ट आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे, निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
13. स्वयं का पूर्ण पता लिखा लिफाफे में डाक टिकिट (स्पीड पोस्ट) मूल्य के आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
14. विज्ञापित पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाकर मेरिट आधार पर रिक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जावेगा। सभी आवेदकों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित करना आवश्यक नहीं है और न ही इस बाबत् कोई वाद प्रस्तुत कर सकेगा। नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा की जावेगी।
15. नियुक्ति मेरिट आधार पर/नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा गठित साक्षात्कार समिति, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की जायेगी। साक्षात्कार हेतु सूचना पत्र भेजे जावेंगें एवं उम्मीदवारों की सूची कार्यालय में एवं निगम की वेबसाईट पर चस्पा रहेगी। साक्षात्कार की जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में संपर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
16. निगम की वेबसाईट **www.mpwarehousing.mp.gov.in** पर विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप एवं जानकारी उपलब्ध होगी।
17. पदस्थापना मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान पर की जा सकती है।
18. आवेदक के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन है अथवा पुलिस में कोई प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है, यदि हां तो उसका पूर्ण विवरण एवं न्यायालय से हुये निर्णय की जानकारी सहित शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

19. तैयार अंतिम मेरिट सूची अनुसार 01 पद के विरूद्ध 06 उम्मीदवार को वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आमंत्रित किया जावेगा। वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु पृथक से तिथि एवं समय निर्धारित कर सूचना पत्र जारी किये जावेंगे एवं निगम की वेबसाईट पर सूचना पत्र अपलोड किये जावेंगे।

20. विज्ञापित पदों के भरने/न भरने/समाप्त करने का संपूर्ण अधिकार निगम प्रबंध संचालक को होगा। इस हेतु कोई वाद प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा और न ही मान्य होगा।

21. अन्य सेवा शर्ते निगम में प्रचलित नियमानुसार होगी।

प्रबंध संचालक

# दिव्यांगजनों की विशेष भर्ती हेतु आवेदन पत्र-प्रारूप

नवीनतम रंगीन
पासपोर्ट साईज
फोटो

प्रति,

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,
ऑफिस काम्प्लेक्स, ब्लाक ए, गौतम नगर,
भोपाल, पिनकोड 462023

1. आवेदित पद का नाम ....................................................................
2. आवेदक /आवेदिका का पूरा नाम ....................................................................
3. आवेदक /आवेदिका के पिता/पति का पूरा नाम ....................................................................
4. जन्म तिथि (10+2 के प्रमाण पत्र के आधार पर) वर्ष.:..........माह..............दिन..................
5. जाति ....................................................................
6. विकलांगता का प्रतिशत **(40% या 40% से अधिक विकलांगता वाले ही आवेदन करें)** ....................................................................
7. विकलांगता की श्रेणी ....................................................................
8. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह की दिनांक ....................................................................
9. जीवित बच्चों का विवरण ....................................................................
10. वर्तमान डाक का पता ....................................................................
11. स्थाई पता ....................................................................
12. आवेदक का मोबाईल नंबर एवं ईमेल आई.डी. ....................................................................
13. दिनांक 01.08.2024 को आयु वर्ष...............माह................दिन.............
14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम ....................................................................
15. शैक्षणिक योग्यता (विज्ञप्ति में उल्लेखित पद की शैक्षणिक योग्यता अनुसार)

| स. क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

16. यदि शासकीय विभाग में कार्यरत हो तो विभाग का नाम ....................................................
17. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें।
    सहपत्र :- प्रमाण पत्र 1.......................2.......................3......................4.......................

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

**घोषणा पत्र**

मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त समस्त जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा, जिसका उत्तरदायित्व स्वयं मेरा होगा।

स्थान

दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता